>

Title: Need to declare all the villages at Chandauli district in Uttar Pradesh as naxal-hit area and undertake development programmes there under Integrated Action Plan.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश में चंदौली एक छोटा जनपद है तथा यहां विकास कार्य अभी तक नहीं हो पाया है । भारत सरकार के द्वारा इसे नक्सल प्रभावित जिला घोषित किया गया है , जिसके अंतर्गत मात्र 247 गॉवों को नक्सल प्रभावित मानकार विकास कार्य इन्टीग्रेटेड एक्सन प्लान के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाली राशि के द्वारा किया जा रहा है । जबकि छोटा जनपद होने के चलते नक्सल का प्रभाव संपूर्ण जनपद के गाँवों पर है । जनपद का निर्माण होने के बाद यहाँ रोजगार की कमी है । कोई औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं लगाया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर शिक्षित बेरोजगारों को उपलब्ध हो सके । अभी तक जिला मुख्यालय का निर्माण नहीं हो सकता है ,िजससे विकास कार्यों पर असर पड़ता है । केन्द्र सरकार के अधीन विभिन्न विभागों का कार्यालय भी जनपद में स्थापित नहीं किया जा सका है । इन सभी कारणों से जनपद चन्दौली विकास की दौड़ में अभी पिछड़ा हुआ है ।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि उत्तर प्रदेश के जनपर चन्दौली को एक इकाई मानते हुए जनपद के सभी गांवों को नक्सल प्रभावित घोषित करते हुए भारत सरकार के द्वारा सहायता राशि को बढ़ाते हुए जनपद के सभी गाँवों में विकास कार्य कराये जायें ।